राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

अंक : 23 **जनवरी-मार्च 2020**

<u>प्रधान संरक्षक</u>

श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार

प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक

<u>संरक्षक</u>

श्रीमती अर्चना नायक

संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल

<u>संकल्पना और संपादन</u>

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,

वरिष्ठ अनुवादक, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु

दिनांक 17 फरवरी 2020 को वर्ष 2020-21 के संघ बजट पर बेंगलूरु में आयोजित अंत:क्रियात्मक सत्र में माननीय केंद्र वित्त एवं कारपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने भाग लिया ।

बेंगलूरु केंद्रीय राजस्व भवन के परिसर में दिनांक 26 जनवरी 2020 को गणतंत्र दिवस
केंद्रीय कर और सीमा शुल्क तथा आयकर विभागों द्वारा
संयुक्त रूप से मनाया गया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त
श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार जी ने ध्वजारोहण किया ।

बेंगलूरु केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क सहकारी ऋण समिति

हाल ही में विश्व में कोविड-19 द्वारा ग्रस्त लोगों के बीच हमारे अंचल के अधिकारीगण ने लाकडाउन के शुरूआती समय से लगातार 18 दिनों से हमारे बेंगलूरु केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क सहकारी ऋण समिति के अधिकारीगण एवं इस अंचल में विविध स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारीगण ने भोजन प्रदान कर रहे हैं । इनके कार्य सराहनीयएवं अभिन्नदनीय हैं । कोविड-19 महामारी के कारण कई लोगों की सहायता के लिए इस अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार जी एवं सीमाशुल्क अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास जी ने भी अपने करकमलों से, कुछ अस्पतालों में सहायार्थ पी.पी.ई. किट्स प्रदान किए हैं और साथ ही उत्तरपूर्व के लोग जो बेंगलूरु में रह गए, उन लोगों के लिए और विभाग में आकस्मिक तौर पर कार्य कर रहे मजदूरों को राशन के पैकेटों को भी वितरित किए हैं ।

इस मानवीय कार्य के लिए इस अंचल में कार्यरत सभी अधिकारियों की ओर हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं और अभिनंदन करते हैं ।

हिंदी कार्यशाला

दिनांक 11.02.2020 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत अधीक्षकों के संवर्ग के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया ।



मुख्य सूचना

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020-21 के लिए **वार्षिक कार्यक्रम** जारी किया गया । इस दिशा में राजभाषा विभाग के वेबसाइट से नीचे दिए गए लिंक के जरिए वार्षिक कार्यक्रम को डाउनलोड किया जा सकता है ।

https://rajbhasha.gov.in/en/news/annual-programme-2020-2021

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें । **आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**